प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-19.03.2026

थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुरवा में हुई चोरी का सफल अनावरण करते हुए चोरी गए रुपये 3,24,010/- भारतीय, नेपाली रुपये 145/- व जेवरात (अनुमानित कीमत करीब 08 लाख) के साथ संबंधित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत दिनांक-26/27.02.2026 की रात्रि में विशुनपुरवा मोहल्ले के एक घर में हुई चोरी के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0-091/2026 धारा-305(A), 112, 331(4), 317(2), 317(4) BNS का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए संबंधित अभियुक्त 1-सेराज आलम पुत्र मनौव्वर निवासी रफीक को दिनांक-19.03.2026 को कृष्णा भगौती चौराहे से करीब 200 कदम पहले से रुपये 3,24,010/- भारतीय, नेपाली रुपये 145/- व चोरी गए जेवरात (अनुमानित कीमत करीब 08 लाख) के साथ गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर सुपेलवा प्राइमरी स्कूल के पीछे बाउंड्रीवाल के अंदर झाड़ी से चोरी का डी0वी0आर0 व घटना में प्रयुक्त एक अदद लोहे का सब्बल बरामद किया गया |

पूछताछ के दौरान प्रकाश में आये एक अन्य अभियुक्त अल्ताफ पुत्र गरीबुल्लाह निवासी रफीक नगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली जनपद बस्ती की तलाश जारी है |

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- सेराज आलम पुत्र मनौव्वर उम्र करीब 21 वर्ष निवासी रफीक नगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

वांछित अभियुक्त का विवरण-

1- अल्ताफ पुत्र गरीबुल्लाह निवासी रफीक नगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली जनपद बस्ती ऑ

बरामदगी का विवरण-

1- भारतीय रुपया 3,24,010/- व नेपाली रुपया 145/- |

2- एक जोडी बाली, एक जोड़ी टप्स एक अंगूठी, एक अदद बिन्दी, एक अदद ओम का लाकेट, एक अदद नाक की कील (पीली धातु) |

3- दो जोड़ी टप्स, एक अदद नाक की कील (पीली धातु सफेद नग लगी हुई) |

4- एक जोडी बिछुवा, पांच जोड़ी पायल, सात अदद सिक्का (सफेद धातु) |

5- एक अदद डी0वी0आर0, 01 अदद लोहे का सब्बल, 01 अदद वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन व एक अदद आधार कार्ड |

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक-26/27.02.2026 को रात करीब 03:00 बजे मैं व मेरा दोस्त **2-** अल्ताफ पुत्र गरीबुल्लाह एक साथ मिलकर मोहल्ला विशुनपुरवा के एक घर में छत के रास्ते घुसकर घर में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे का डी0वी0आर0 खींच कर निकाल लिए थे जिसके बाद जेवर व रुपया चोरी कर रहे थे कि तभी किसी व्यक्ति द्वारा चिल्लाने पर हम लोग घर के पीछे से भाग गये | मैं चुराये गये रुपयों में से पहले से लिए हुए टी०वी०एस० क्रेडिट साथी लोन रुपया 21,000/- व रुपये 32,000/- को ग्राहक सेवा केन्द्र से जमा करके अपने लोन को चुकता कर लिया हूँ एवं उसी चुराये हुए रुपयों में से मेरे हिस्से का बचा हुआ रुपया आप लोगों द्वारा बरामद किया गया है | हम दोनो चोरी करने के बाद नेपाल चले गये थे जहां पर ऐशो-आराम में मेरे हिस्से का शेष रुपया खर्च हो गया था |

गिरफ्तार अभियुक्त 1- सेराज आलम पुत्र मनौव्वर का आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-129/2023 धारा-380, 411, 414, 457 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

2- मु0अ0सं0-136/2023 धारा-380, 411, 457 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

3- मु0अ0सं0-137/2023 धारा-380, 411, 414, 457 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

4- मु0अ0सं0-69/2024 धारा-3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोतीचंद राजभर जनपद बस्ती |

2- प्रभारी स्वाट टीम शेषनाथ यादव जनपद बस्ती |

3- प्रभारी चौकी गाँधीनगर उ0नि0 सभाशंकर यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

4- प्रभारी चौकी जेल गेट उ0नि0 अजय कुमार थाना कोतवाली जनपद बस्ती |

5- हे0का0 रमेश यादव, हे0का0 मृत्युंजय कुशवाहा, का0 किशन सिंह, का0 अभिलाष सिंह, का0 शुभेन्दु तिवारी स्वाट टीम जनपद बस्ती |

6- हे0का0 देवेश यादव, का0 संतोष यादव सर्विलांस सेल जनपद बस्ती |

7- का0 अभिषेक यादव, का0 अशरफ खान, का0 विजय कुमार यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती |